कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / ए0आ0आ0वि0प्र0प0 2026 / 173-178 / 2025–26 दिनांक 25 मार्च 2026

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / मेहरवाना / बाजपुर / खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2026

:: विज्ञप्ति ::

परिषद् द्वारा जारी विज्ञप्ति **उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / ए0आ0आ0वि0 प्र0प0 2026 / 154–160 / 2025–26 दिनांक 17 जनवरी 2026** के क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / मेहरवाना / बाजपुर / खटीमा प्रवेश परीक्षा 2026 (कक्षा 06 में प्रवेश के लिए) हेतु आवेदन करने वाले समस्त **अर्ह (निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थी)** अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि उक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन **दिनांक 08 अप्रैल 2026 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे** तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में कराया जायेगा। परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक के माध्यम से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा रहे हैं तथा आवेदकों को आवंटित परीक्षा केन्द्रवार नामावली एवं प्रवेश पत्र की PDF परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM टैब पर भी अपलोड की गयी है। आवेदन पत्र में अंकित सूचना के आधार पर आवेदकों को औपबंधिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है, प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर अभ्यर्थन की जांच प्रवेश के समय सम्बन्धित ए0आ0आ0विद्यालय के प्राचार्य द्वारा की जायेगी एवं तदनुसार अभ्यर्थन सही पाये जाने पर ही प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। अन्यथा चयन स्वतः निरस्त माना जायेगा। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र ससमय प्राप्त नहीं होते हैं वे परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध नामावली में उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र में **प्रवेश पत्र सम्बन्धी PDF** से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा **दिनांक 06 अप्रैल 2026 से 07 अप्रैल 2026 को प्रातः 09:00 बजे तक अपने परीक्षा केन्द्र में एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ** के साथ उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित अर्हता (यथा आयु कम अथवा अधिक होने आदि) पूर्ण न करने के कारण जिन छात्र / छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त किये गये हैं उनकी सूची भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

25/3/2026

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।